




# बाफना पार्क में दहशत फैलाने वाले बदमाशों का निकाला जुलूस

- हाथ में तलवार डंडे लेकर
- वाहनों में की थी तोड़फोड़

**उज्जैन। रात 2 बजे बदमाशों ने बाफना पार्क में गदर मचाया और घरों के बाहर खड़े वाहन फोड़ दिए। बदमाश ढांचा भवन में भी तोड़फोड़ कर आए थे। पुलिस ने शुक्रवार दोपहर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके क्षेत्र में जुलूस निकाला, देर शाम तीनों बदमाशों के दो अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया था।**

बाफना पार्क में रहने वाली सेवानिवृत शिक्षिका अफरोज खान 65 वर्ष अपनी बेटी संगीता और नाती सेरान अली के साथ अली के घर पर थी। इसी दौरान रात 2 बजे के बदमाश आए और उन्होंने घर के बाहर खड़ी डिजायर कार के साथ बुलेट में तोड़फोड़ शुरू कर दी। बदमाशों ने घरों के खिड़की दरवाजे भी तोड़े, सेवानिवृत्त शिक्षिका के घर तोड़फोड़ करने के बाद बदमाशों ने पास में रहने वाले आयुर्वेदिक कॉलेज में सदस्य डॉ. प्रदीप अग्रवाल की कार में भी तोड़फोड़ कर दी। बदमाश क्षेत्र में दहशत फैलाकर भाग निकले उनके हाथों में तलवार भी थी। रात में ही मामले की सूचना पुलिस को दी गई घटनास्थल पर डायल 112 पहुंची। लेकिन बदमाश भाग निकले थे। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने ढांचा भवन में भी एक ई रिक्शा और ऑटो में तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया और तोड़फोड़ करने वाले बदमाशों की पहचान के प्रयास शुरू किया। इस दौरान सामने आया कि दहशत फैलाने वालों में किशन अहिरवार विकास सरोल और विशाल सरोल के साथ ऋषि मिश्रा, साहिल गुर्जर और उसके अन्य साथी थे। पुलिस ने शुक्रवार दोपहर किशन अहिरवार, विकास और विशाल को हिरासत में ले लिया। जिनका बाफना पार्क क्षेत्र में ले जाकर जुलूस निकाला और सबक सिखाया और क्षेत्रवासियों के बीच बदमाशों की दहशतगर्दी को कम करने का प्रयास किया। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया तीन बदमाशों को गिरफ्तार करने के बाद शाम को उनके दो साथी ऋषि मिश्रा और साहिल गुर्जर को भी हिरासत में ले लिया गया है दोनों बदमाशों का भी क्षेत्र में जुलूस निकाला जाएगा।



# दो कारों में छुपाकर ला रहे थे लाखों की शराब

**उज्जैन।** कारों में अवैध शराब तस्करी करते 4 युवकों को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया है। वहीं कारों की कीमत 45 लाख रुपये होना सामने आई है। न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया। नानाखेड़ा थाना पुलिस को गुरुवार शाम खबर मिली थी कि इंदौर की ओर से एक्सयूवी क्रमांक सीजी 10 सीबी 2098 में अवैध शराब भरी हुई है। थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने लग्झरी गाड़ी से अवैध शराब की तस्करी का पता चलते ही एसआई हेमंतसिंह जादौन, अनिल ठाकुर, प्रधान आरक्षक चंद्रपालसिंह मंडलोई, दिग्विजयसिंह, मुकेश मुनिया, अनिल सिसौदिया, आरक्षक श्यामबरणसिंह, मुकेश मालवीय की टीम बनाई और घेराबंदी शुरू की। इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास से उक्त एक्सयूवी को रोका गया। जिसमें सचिन पिता गोपाल राव 25 साल निवासी झुग्गी झोपड़ी चिमनगंज और यश पिता विनोद चित्तौड़ा 21 साल न्यू इंदिरानगर नागझिरी होना सामने आये। दोनों को हिरासत में लिया गया और गाड़ी की तलाशी ली गई। जिसमें 23 पेटी अंग्रेजी शराब की भरी होना सामने आया। यही नहीं तलाशी में एक ही नम्बर जीजे 18 एफसी 1058 की 2 फर्जी नम्बर प्लेट भी बरामद हो गई। पूछताछ में पता चला कि स्कार्पियों क्रमांक एमपी 09 ए क्यू 5267 से भी शराब लाई जा रही है।




## 44 पेटी शराब करीब 5 लाख रुपए की जब्त

थाना प्रभारी यादव के अनुसार दोनों कारों से 44 पेटी शराब कीमत 5 .31 लाख बरामद की गई है। एक्सयूवी की कीमत 25 लाख और स्कार्पियों की 20 लाख रूपये है। चारों शराब तस्करों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 ( 2 ) का प्रकरण दर्ज किया गया है। शुक्रवार दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस टीम ने तत्काल स्कार्पियों की तलाश में सर्चिंग शुरू की। उक्त कार को शनि मंदिर ब्रिज के नीचे से पकड़ा गया। जिसमें 21 पेटी अंग्रेजी शराब की मिली। स्कार्पियों में साहिल उर्फ मनीष पिता संतोष माली 23 साल निवासी गिरीराज रतन कालोनी कानीपुरा रोड और चंद्रशेखर उर्फ कालू उर्फ मेडिकल पिता नंदकिशोर भोई निवासी विधायक नगर पंवासा सवार थे।

# तपोभूमि के पास दुर्घटना में शिक्षक की मौत

**उज्जैन।** तपोभूमि के समीप देवास बदनावर बायपास मार्ग बना हुआ है। जहां ब्रिज के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। घायल को चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान संजय पिता विजय व्यास 49 साल निवासी खवासा पेटलावद झाबुआ के रूप में की गई। नानाखेड़ा थाना पुलिस ने परिजनों को सूचना दी सुबह उज्जैन पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सामने आया कि संजय पेटलावद के समीप शासकीय स्कूल में शिक्षक था और बाइक से अपने पिता के घर मिलने जा रहा था।

# शिप्रा तट पर पूजन कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड उज्जैन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अवनीश्री जनकल्याण एवं शिक्षण संस्था ने पुण्य सलिला शिप्रा नदी के तट पर विधिवत पूजन और आरती का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थितजनों को जल संरक्षण का महत्वपूर्ण संदेश दिया गया। कार्यक्रम संयोजक पूनम दुबे ने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजन ने सहभागिता की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की शासकीय निकाय व जिला पंचायत सदस्य अजीता परमार ने कहा कि शिप्रा नदी हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन का अभिन्न आधार है। नगर विकास समिति अध्यक्ष प्रियंका जोशी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक जय दीक्षित और अरुण व्यास विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रिया व्यास, ज्योति व्यास, आयुषी दुबे सहित अन्य पदाधिकारी व नागरिक मौजूद थे।



# मंत्री निर्मला भूरिया पहुंची महाकाल मंदिर, नंदीहाल से किया पूजन

- मंदिर समिति की तारीफ की, कहा स्वच्छा से लेकर दर्शन व्यवस्था ठीक

**उज्जैन।** मप्र की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने शुक्रवार को उज्जैन प्रवास के दौरान बाबा महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने नंदी हॉल से पूजन-अर्चन किया। मंत्री भूरिया ने सुबह महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वे करीब आधे घंटे तक मंदिर में मौजूद रही। मीडिया से बातचीत में मंत्री भूरिया ने कहा कि मंदिर समिति ने साफ-सफाई से लेकर दर्शन आदि की उत्कृष्ट व्यवस्था कर रखी है। मंत्री भूरिया यहां कालिदास अकादमी में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल होने आई थी।



## एक नजर में



### सात दिवसीय जल मंदिर का समापन

**उज्जैन।** पूज्य श्री गोपाल राव सोनोने सेवाश्रम के तत्वावधान में पंचक्रोशी यात्रियों के लिए लगाए गए सात दिवसीय जल मंदिर का समापन गुलाब जामुन वितरण के साथ किया गया। समापन अवसर पर हरि सिंह यादव, महेश सोनोने, रूप सिंह बुंदेला और प्रेम नारायण टाटावत ने संयुक्त रूप से यात्रियों को 151 किलो गुलाब जामुन वितरित किए। संस्थापक महेश सोनोने ने बताया कि जल मंदिर में यात्रियों के लिए जल और आइस्क्रीम की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही उपाध्याय परिवार द्वारा पपीता तथा दिनेश टाटावत परिवार द्वारा छाछ का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में वरिष्ठ समाजसेवी हरि सिंह यादव, गोपाल जी बागरवाल, मनोहर परमार, अजीत मंगलम, अनिल लश्करी, पंडित संतोष शर्मा, सुनीता सोनोने, रेखा टाटावत, निर्मला बुंदेला, शीलादेवी और सुशीला ठाकुर ने अपनी सक्रिय सेवाएं दीं। अंत में सभी का आभार सेवाश्रम संचालक सुनीता सोनोने ने माना।




### दावत लाइफ में उत्कृष्ट प्रदर्शन, एक्टिवा भेंट

**उज्जैन।** दावत लाइफ प्रोग्राम के तहत उत्कृष्ट व्यापारिक प्रदर्शन करने पर शहर के प्रतिष्ठान अशोक स्वीट्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दावत के अधिकृत वितरक सम्यक ट्रेडर्स ने प्रोत्साहन स्वरूप अशोक स्वीट्स को होंडा एक्टिवा भेंट की। कार्यक्रम में सम्यक ट्रेडर्स के संचालक शेषमल चोपड़ा विशेष रूप से मौजूद रहे। दावत कंपनी की ओर से आरएसएम भूपेंद्र तिवारी, एएसएम जितिन शर्मा, टीसी पंकज कबीर और डीएसएम रवि पाटीदार उपस्थित थे। अतिथियों ने अशोक स्वीट्स की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए इसे अन्य व्यापारियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। इस मौके पर उपस्थित व्यापारियों और गणमान्य नागरिकों ने प्रतिष्ठान को बधाई देकर शुभकामनाएं दीं। सम्यक ट्रेडर्स के वितरक चंद्र प्रकाश चोपड़ा ने बताया कि कंपनी समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर व्यापारियों का उत्साहवर्धन करती है, ताकि बाजार में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और गुणवत्ता का स्तर बना रहे।




### रेखा बनीं खंडेलवाल महिला मंडल की अध्यक्ष

**उज्जैन।** खंडेलवाल महिला मंडल के चुनाव माधव क्लब में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें रेखा झालानी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। नई कार्यकारिणी के अन्य पदों पर उषा रावत और मधु को उपाध्यक्ष, सरोज जांघनिया को सचिव, अनीता गुप्ता को सहसचिव तथा संतोष वैद्य को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात संस्था की पूर्व अध्यक्ष संध्या बवाल ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्था की पूर्व अध्यक्ष सविता गुप्ता, उषा झालानी और उषा गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थीं।

# अक्षय तृतीया पर परशुराम जन्मोत्सव का निकलेगा भव्य चल समारोह

- ब्राह्मण एकता का उद्घोष : एक जाजम, एक समाज

**उज्जैन।** विगत 20 वर्षों से आद्य गौड़ ब्राह्मण समाज ट्रस्ट, उज्जैन अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव का भव्य चल समारोह निकालता आ रहा है। यह आयोजन सदैव समाज की श्रद्धा और शक्ति का केंद्र रहा है। परंतु, वर्तमान समय की मांग ब्राह्मण एकता है। परशुराम ब्राह्मण संगठन (गुदरी चौराहा), अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज एवं अन्य सभी विप्र संगठनों के साथ समन्वय और विप्र समाज की अखंडता हेतु एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। ब्राह्मण समाज की एकता के महायज्ञ में आद्य गौड़ ब्राह्मण समाज ट्रस्ट ने अपनी वर्षों पुरानी परंपरा ( स्वयं के पृथक चल समारोह) को आहुति देकर, सबको साथ लेकर एक ही भव्य और विशाल संयुक्त चल समारोह निकालने की पहल की है।

हमारा संकल्प जब-जब और जहां-जहां ब्राह्मण एकता की आवश्यकता होगी, आद्य गौड़ ब्राह्मण समाज ट्रस्ट और परशुराम वाहिनी अग्रणी भूमिका में कंधे से कंधा मिलाकर सदैव साथ खड़े रहेंगे। समस्त विप्र बंधुओं से करबद्ध प्रार्थना है कि सभी बातों को भुलाकर ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों में अपनी पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करें। हमारी उपस्थिति ही हमारी शक्ति है एकता में ही शक्ति है, संगठन में ही विजय है।

# महिदपुर रोड पर दो बाइक की टक्कर, मचा बबाल

- पथराव में थाना प्रभारी सहित चार पुलिसकर्मी घायल

**उज्जैन। महिदपुर रोड पर शुक्रवार को एक मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। जिसमें दो मोटरसाइकिल की टक्कर के बाद झगड़ा बढ़ने पर मामला थाने पहुंचा तो यहां दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव कर दिया। इस दौरान यहां पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई थी। इस घटना ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि थाना प्रभारी सहित तीन पुलिसकर्मी भी घायल हो गए।**

शहर से करीब 75 किमी.दूर महिदपुर रोड गोगापुर में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे दो बाइकों की टक्कर हो गई थी। एक बाइक पर शिकारीखेड़ा के महिला व पुरुष बैठे हुए थे। दुर्घटना को लेकर दोनों बाइक पर सवार में विवाद हो गया। इस दौरान बंजारा समाज के लोग भी एकत्र हो गए थे। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची थी। दोनों पक्षों को समझाने के बाद एक पक्ष के लोग महिदपुर रोड थाने के पास पोरवाल धर्मशाला के बाहर एकत्र होकर हंगामा करने लगे। विवाद होते देख टीआई रामसिंह भाबोर, एएसआइ सुरेशचंद्र सोनगरा, प्रधान आरक्षक समरथलाल व आरक्षक मदन पग्गी सहित अन्य पुलिसकर्मी उन्हें हटाने गए। इस पर बंजारा समाज के लोगों ने पुलिस पर ही पथराव कर दिया था। घटना में टीआइ भाबोर के सिर व आंख के समीप पत्थर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एएसआइ सोनगरा की पीठ व हाथ, प्रधान आरक्षक समरथ को हाथ व आरक्षक मदन को पीठ पर चोट लगी है।

## इन आरोपितों पर केस दर्ज

घटना के बाद घायल आरक्षक मदन की शिकायत पर रतन बंजारा, भारत बंजारा, सरदार बंजारा, तोफान बंजारा, हाकम बंजारा, वकील बंजारा, गीताबाई बंजारा व अन्य के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने, बलवा करने का केस दर्ज किया है। पुलिस ने कुछ आरोपितों को हिरासत में लेकर तलाश शुरू कर दी।

# आज भोपाल में शिक्षकों का महाआंदोलन

**उज्जैन।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, जिला उज्जैन की आकस्मिक बैठक आज माता मंदिर, दशहरा मैदान, उज्जैन में आयोजित की गई। बैठक में आज 18 अप्रैल को भोपाल में प्रस्तावित प्रदेशव्यापी आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु रणनीति बनाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि उज्जैन जिले से लगभग 200 कारों एवं रेलमार्ग के माध्यम से 1000 से अधिक शिक्षक-अध्यापक 18 अप्रैल को प्रात: 7 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे। भोपाल के दशहरा मैदान में प्रदेशभर से एक लाख से अधिक शिक्षक-अध्यापक एकत्रित होकर अपनी लंबित मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन करेंगे।

# भैराजी सम्मान समारोह का आयोजन आज

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश में मालवी एवं निमाड़ी लोकसंस्कृति का प्रतिष्ठा प्रसंग भैराजी सम्मान समारोह आज 18 अप्रैल को कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में सायं सात बजे आयोजित किया जा रहा है। मालवा लोककला एवं संस्कृति संस्थान के संयोजक-सचिव जयेश भैराजी ने बताया कि 39वें भेराजी सम्मान समारोह में इस वर्ष भेराजी सम्मान प्रख्यात लोकसंस्कृतविद एवं लोकगायिका डॉ. अनुराधा शर्मा और पारंपरिक लोकगीत-भक्ति संगीत गायिका गीता पराग को प्रदान किया जा रहा है। मुख्य अतिथि मुंबई के फिल्म निर्देशक अनिल दुबे होंगे और अध्यक्षता कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा करेंगे।

# नि :शुल्क एक्यूप्रेशर शिविर का किया उद्घाटन

- श्री अग्रवाल पंचायत न्यास का आयोजन, नई पेठ स्थित धर्मशाला

**उज्जैन।** श्री अग्रवाल पंचायत न्यास द्वारा अग्रवाल समाज के बंधुओं के लिए नई पेठ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में एक विशाल नि:शुल्क एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में 21 अप्रैल तक जोधपुर से आई डॉक्टरों की टीम विभिन्न उपकरणों के माध्यम से अपनी सेवाएं देंगी।

शुभारंभ उज्जैन विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, न्यास के संस्थापक न्यासी पुरुषोत्तम गोयल और अध्यक्ष निमेष अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष निमेष अग्रवाल ने अपने स्वागत उद्‌बोधन में पंचायत न्यास द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी सदन को प्रदान की। रविप्रकाश बंसल ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर पूर्णतया नि:शुल्क है। समाजजन प्रतिदिन प्रात: 8 से 12 और शाम 4 से 8 बजे तक शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। आयोजकों ने समाजजनों से अपने आसपास रहने वाले अग्रवाल बंधुओं को भी सूचित कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने की अपील की है।



# सुभाषचंद बोस की जयंती पर 21 को रक्तदान शिविर

- चरक अस्पताल भवन में सुबह 10 बजे से होगा शुरू

**उज्जैन।** तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा के रचयिता डॉ. इकबाल की स्मृति में 21 अप्रैल, मंगलवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा रक्तदान को प्रोत्साहन देने के लिए यह शिविर जिला ब्लड बैंक चरक भवन में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक रखा गया है। संस्था अध्यक्ष पंकज जायसवाल एवं संरक्षक सैयद आबिद अली मीर ने बताया कि संस्था द्वारा निरंतर सामाजिक और रचनात्मक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई जाती है। इसी श्रृंखला में यह आयोजन रखा गया है। शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप गुरु गोविंद सिंह अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इकबाल उस्मानी एवं संयुक्त सचिव नासिर मंसूरी ने युवाओं से अपील की है कि रक्तदान-महादान अभियान में शामिल होकर पुण्य कमाएं, क्योंकि आपका एक रक्तदान किसी के लिए जीवनदान बन सकता है। जानकारी संस्था के प्रवक्ता सैयद आशिक अली व सहसचिव सैयद जमीर अब्बास ने दी।

**उपलब्धि** संकल्प से समाधान अभियान के तहत ढाई माह में मिले 47 .69 आवेदन

# 47 .68 लाख आवेदनों का किया निराकरण

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 17 अप्रैल. प्रदेश में चलाए गए संकल्प से समाधान अभियान की कुल अवधि 12 जनवरी से 31 मार्च के दौरान राज्य स्तर पर कुल 47.69 लाख आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 47.68 लाख प्रकरणों का समाधान करते हुए 99.9 प्रतिशत आवेदनों का निराकरण किया गया.**

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संकल्प से समाधान अभियान से प्रदेश में नागरिकों की शिकायतों और आवेदनों का त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया गया है. यह अभियान सुशासन को सुदृढ़ करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ है. अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम एवं वार्ड स्तर पर टीमों का गठन कर घर-घर जाकर आवेदन संग्रह किए गए और शिविर लगाकर आवेदनों का त्वरित समाधान किया गया. साथ ही पोर्टल आधारित एंट्री और ट्रैकिंग की गयी. निराकरण की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सीएम हेल्पलाइन पर विशेष डैशबोर्ड के माध्यम से सतत मॉनिटरिंग भी की गई.

## चार चरणों में संचालित हुआ अभियान

अभियान को चरणबद्ध रूप से प्रदेश में लागू किया गया. प्रथम चरण में 12 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक ग्राम एवं वार्ड स्तर पर आवेदन संग्रहण किया गया. द्वितीय चरण में 16 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन कर प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया. तृतीय चरण में 16 मार्च से 26 मार्च 2026 तक ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित कर शेष एवं नवीन आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया. चतुर्थ एवं अंतिम चरण में 26 मार्च से 31 मार्च 2026 तक जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया. अभियान में कुल 3 हजार 659 शिविर आयोजित किए गए. वहीं नल जल योजना के अंतर्गत नए नल कनेक्शन के लिए प्राप्त 1.39 लाख से अधिक आवेदनों में से 1.33 लाख से अधिक का निराकरण कर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल सुविधा सुदृढ़ की गई.

## सेवा वितरण को मिली नई गति

चालू खसरा एवं खतौनी की प्रतिलिपि के लिए सर्वाधिक 8 .71 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 8 .69 लाख से अधिक का सफल निराकरण किया गया. आयुष्मान भारत योजना में 5 .77 लाख से अधिक प्राप्त आवेदनों में से 5 .62 लाख से अधिक का निराकरण किया गया . चालू नक्शा प्रतिलिपि के लिए प्राप्त 4 .09 लाख से अधिक आवेदनों में से 4 .08 लाख से अधिक का निराकरण सुनिश्चित किया गया. ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण अनुज्ञा के लिए प्राप्त 3 .64 लाख से अधिक आवेदनों में से 3 .59 लाख से अधिक का निराकरण किया गया.

निर्माण श्रमिकों के पंजीयन से संबंधित 2.31 लाख से अधिक आवेदनों में से 2.18 लाख से अधिक का निराकरण किया गया. नो-ड्यूज प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राप्त 1.88 लाख से अधिक आवेदनों में से 1.87 लाख से अधिक का निराकरण किया गया. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में 1.63 लाख से अधिक आवेदनों में से 1.52 लाख से अधिक का निराकरण सुनिश्चित किया गया. किसान क्रेडिट कार्ड के प्राप्त 1.50 लाख से अधिक आवेदनों में से 1.48 लाख से अधिक का निराकरण किया गया. स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राप्त 1.44 लाख से अधिक आवेदनों में से लगभग सभी का निराकरण किया गया.